भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2268
उत्तर देने की तारीख: 02.08.2021

केन्द्रीय विद्यालयों के लिए भवन

2268. श्रीमती कविता सिंह:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) देश में विशेषकर बिहार में कितने केंद्रीय विद्यालयों के पास स्वयं का भवन नहीं है;
(ख) क्या उचित भवन के अभाव में छात्रों की शिक्षा और खेलों के माध्यम से उनके समग्र विकास में बाधा आती है; और
(ग) यदि हां, तो देश में राज्य-वार विशेषकर बिहार के सीवान जिले में किराए के भवन से संचालित होने वाले विद्यालयों के पास अपने स्वयं के भवन कब तक होने की संभावना है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) आज की स्थिति के अनुसार, बिहार में विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों द्वारा उपलब्ध कराए गए 17 केवि सहित 281 केन्द्रीय विद्यालय (केवि) अस्थायी भवनों में कार्यात्मक हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध के रूप में संलग्न हैं।
(ख) खेलों के माध्यम से शिक्षण-अधिगम और समग्र विकास बाधित नहीं होता है।
(ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि वर्तमान में किराए के भवन में कोई केवि कार्यात्मक नहीं है। केवि के लिए स्थायी भवनों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जो उपयुक्त भूमि की पहचान, प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा केविएस के पक्ष में पट्टा संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने, निर्माण एजेंसी द्वारा ड्राइंग/ अनुमान प्रस्तुत करने, धन की उपलब्धता और अपेक्षित अनुमोदन आदि पर निर्भर करता है। ऐसे में इस संबंध में कोई निश्चित समय सीमा नहीं बताई जा सकती है। राज्य सरकार द्वारा बिहार के सिवान जिले में अभी तक केवि के लिए भूमि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के पक्ष में हस्तांतरित नहीं की गई है।

*****

अनुलग्नक

'केन्द्रीय विद्यालयों के लिए भवन' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती कविता सिंह द्वारा 02 अगस्त 2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.2268 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

आज की स्थिति के अनुसार अस्थायी भवनों में चल रहे केन्द्रीय विद्यालयों की राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**अस्थायी भवन वाले केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	6
2	अरुणाचल प्रदेश	8
3	असम	6
4	**बिहार**	**17**
5	छत्तीसगढ	9
6	दिल्ली	4
7	दादर और नगर हवेली	1
8	दीव	1
9	गुजरात	3
10	हरयाणा	9
11	हिमाचल प्रदेश	8
12	जम्मू और कश्मीर	18
13	झारखंड	16
14	कर्नाटक	10
15	केरल	7
16	लद्दाख	1
17	लक्षद्वीप	1
18	मध्य प्रदेश	21
19	महाराष्ट्र	4
20	मणिपुर	7
21	मिज़ोरम	1
22	नगालैंड	3
23	ओडिशा	20
24	पुद्दुचेरी	2
25	पंजाब	12
26	राजस्थान	16

27	तमिलनाडु	6
28	तेलंगाना	9
29	त्रिपुरा	3
30	उत्तर प्रदेश	26
31	उत्तराखंड	14
32	पश्चिम बंगाल	12
कुल		**281**

*****